# राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय

---

कक्षा -7 समय - 2:30 घंटे

विषय - गणित. पूर्णांकं - 50 अकं

---

विद्यार्थियों के लिए निर्देश

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. संपूर्ण प्रश्न ध्यानपूर्वक पढ़ने के बाद प्रश्न का उत्तर दें।

1.पूर्णांकों का एक ऐसा युग्म चुनें जिसका योग 18 हो: (1)

(अ) -7, -11. (ब) -9, 9. (स) +7, +11. (द) 0, 9

2. (-2) x (-7) बराबर है: (1)

(अ) 28 (ब)14. (स) 21 (द)-28

3. 28 का ¼ है (1)

(अ) 40 (ब)7. (स) 11 (द)9

4. X +5 = 0. तब X बराबर है: (1)

(अ) 0 (ब)5. (स) -5 (द)1

5. पहली 5 प्राकृत संख्याओं का माध्य होगा: (1)

(अ) 0 (ब)5. (स) 3. (द)4

6. $^{16}/_{20}$ का सरलतम रूप है (1)

(अ)$^{8}/_{5}$ (ब)$^{4}/_{5}$ (स)$^{7}/_{5}$ (द)$^{5}/_{4}$

7: 53° का पूरक कोण है: (1)

(अ) 47° (ब)37° (स) 27° (द)117°

8. वर्णमाला के निम्नलिखित अक्षरों में से किसमें क्षैतिज सममिति है

(अ) G (ब) P (स) B (द) M

9. रिक्त स्थान भरें। (4)

(a)समानांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल = .....

(b) आयत का क्षेत्रफल = .....

(c) वृत्त की परिधि = .....

(d) वृत्त का क्षेत्रफल = .....

10: निम्नलिखित के लिए सत्य/असत्य लिखें (प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है) - (4)

(i) त्रिभुज के तीनों कोणों का कुल माप 180° है।

(ii) सम्पूरक कोणों का योग 90° है

(iii) पूरक कोणों का योग 180° है

(iv) समबाहु त्रिभुज में प्रत्येक कोण का माप 60° है।

11. समान पदों का मिलान करें (4)

| | |
|---|---|
| (i)5yz. | (a) 3x |
| (ii)8x. | (b) 8y |
| (iii)xyz. | (c) 3yz |
| (iv)5y. | (d)yzx |

https://teachersraj.com/

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न (12-15)

12. 320 का 25%.ज्ञात करें: (1)

13: यदि p = 2 है तो 8p + 5 का मान ज्ञात करें। (1)

14 ज्ञात करें 2.7 x 8 (1)

15. वृक्ष आरेखों द्वारा $1+2X+3X^2$ के पद और गुणनखंड बताए (1)

## लघु उत्तरीय प्रश्न (16-20)

16.: निम्नलिखित कोणों में से प्रत्येक का. सम्पूरक कोण ज्ञात कीजिए। (2)

(i) 121°

(ii) 68°

17 एक स्थानीय क्रिकेट टीम ने एक सत्र में 20 मैच खेले। उसने उनमें से 25% मैच जीते। उन्होंने कितने मैच जीते? (2)

18. समीकरण हल करें: (2)

(i) 3a = 42

(ii) b +7 = 15

19. 8 और 9 के बीच छह परिमेय संख्याएँ ज्ञात करें| : (2)

20.निम्नलिखित में से प्रत्येक को उनके अभाज्य गुणनखंडों की घातों के गुणनफल के रूप में व्यक्त करें: (2)

(i) 648. (ii) 405

## निबंधात्मक प्रश्न (21-24)

21.एक कक्षा के 15 विद्यार्थियों का भार (किलोग्राम में) इस प्रकार है: (4)

38, 42, 35, 37, 45, 50, 32, 43, 43, 40, 36, 38, 43, 38, 47

इस आँकड़ों का माध्य,बहुलक और माध्यिका ज्ञात कीजिए।

22. निम्नलिखित कथनों के लिए समीकरण लिखें और हल करें - (4)

(a) किसी संख्या के आठ गुने में 4 जोड़ें; आपको 60 प्राप्त होगा।

(b)एक संख्या ज्ञात कीजिए जिसका एक-चौथाई भाग 7 से 3 अधिक हो।

23. निम्नलिखित को एकपदी, द्विपद और त्रिपद में वर्गीकृत करें और X और $X^2$ का गुणांक ज्ञात करें (4)

(i) $3X + X^2 +7$

(ii) 9+ 4X

24. निम्नलिखित आकृतियों में अज्ञात कोण x का मान ज्ञात कीजिए: (4)



(i)



(ii)

यहां l || m है

https://teachersraj.com/